उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनाँक 09 जून, 2005 को अपराह्न 3:00 बजे प्रशासनिक भवन में सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

(1)	प्रो. डी.पी. सिंह (कुलपति)	अध्यक्ष
(2)	प्रो. अमर सिंह	सदस्य
(3)	प्रो. चमन मेहरोत्रा	सदस्य
(4)	डॉ. टी. आर. केम	सदस्य
(5)	प्रो. एस.पी. गुप्ता	सदस्य
(6)	डॉ. श्वेता यादव	सदस्य
(7)	डॉ. (श्रीमती) रुचि बाजपेई	सदस्य
(8)	डॉ. एच.सी. जायसवाल	विशेष आमंत्रित
(9)	डॉ. आर.के. बसलस (कुलसचिव)	सचिव

कार्यसूची के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व कुलपति जी ने सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

1. विद्या परिषद् ने अपनी पिछली बैठक दिनॉक 22 मार्च, 2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

2. विद्या परिषद् की पिछली बैठक दिनाँक 22 मार्च, 2005 में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही से परिषद् अवगत हुई।

3. विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की बैठक दिनॉक 06 मई, 2005 के कार्यवृत्त पर विचार किया।

निश्चय किया गया कि निम्नलिखित संशोधनों के साथ योजना बोर्ड की बैठक दिनाँक 06–05–2005 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ संस्तुत किया जाय :–

योजना बोर्ड संस्तुति संख्या 04 परिशिष्ट "ख" में कार्यक्रम कोर्ड 211 एवं 212 के कार्यक्रम शुल्क को क्रमशः निम्नवत पढ़ा जाय :–

कोड	कार्यक्रम का नाम	प्रस्तावित शुल्क	संस्तुत शुल्क
211	Post Graduate Diploma on Environment and Sustainable Development (PGD-ESD)	12,200/- p.p	4,200/- p.p.
212	Master of Commerce	[illegible]700/- p.a.,	4,200/- p.a

4. विद्या परिषद् ने एम.काम पाठ्यक्रम के पाठ्य संरचना के सम्बन्ध में विचार करते हुए कुलपति द्वारा गठित समिति की बैठक दिनाँक 08-06-2005 की संस्तुति पर विचार किया।

निश्चय किया गया कि निम्नलिखित संशोधनों के साथ एम.काम पाठ्य संरचना के सम्बन्ध में उक्त समिति की संस्तुति को स्वीकार किया जाय तथा कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ संस्तुत किया जाय।

<u>एम.काम पाठ्यक्रम</u> द्वितीय सेमेस्टर "M.Com. 2.4 Project Work" तथा चतुर्थ सेमेस्टर "M.Com. 4.4 Comprehensive Viva-Voce" को हटा दिया जाय।

उपरोक्त संशोधन के उपरान्त एम.काम पाठ्यक्रम की पाठ्य संरचना को निम्नवत पढ़ा जायेगा :–

M.Com. Programme

First Semester	Credits	Marks
Papers		
M.Com. 1.1 Organization Theory and Behavior	8	100
M.Com. 1.2 Research Methodology and Statistical Analysis	8	100
M.Com. 1.3 Business Environment	8	100
Second Semester		
Papers		
M.Com. 2.1 Accounting for Managerial Decision	8	100
M.Com. 2.2 Marketing Management	8	100
M.Com. 2.3 International Business Environment	8	100
Third Semester		
Papers		
M.Com. 3.1 Financial Management	8	100
M.Com. 3.2 International Marketing Management	8	100
M.Com. 3.3 India's Foreign Trade	8	100
Fourth Semester		
Papers		
M.Com. 4.1 Export Import Procedure and Documentation	8	100
M.Com. 4.2 International Marketing Logistics	8	100
M.Com. 4.3 International Finance	8	100
Total	96	1200

5. विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित प्राचीन इतिहास तथा मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास की पाठ्य संरचना के स्थान पर इग्नू के इतिहास पाठ्यक्रम की पाठ्य संरचना को तथा एम.ए. अर्थशास्त्र की पाठ्य संरचना के स्थान पर वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय, कोटा (राजस्थान) की पाठ्य संरचना को लागू करने तथा इन विश्वविद्यालयों के द्वारा तैयार की गयी स्व–अध्ययन सामग्री का प्रयोग करने के सम्बन्ध में विद्या परिषद् अवगत हुई।

6. विद्या परिषद् ने स्नातक स्तर पर संस्कृत, दर्शनशास्त्र एवं उर्दू विषयों की स्व–अध्ययन पाठ्य सामग्री निर्माण कराये जाने सम्बन्धी विषय पर विचार किया।

निश्चय किया कि स्नातक स्तर पर संस्कृत, दर्शनशास्त्र एवं उर्दू विषयों की स्व–अध्ययन पाठ्य सामग्री निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में लेखक मण्डल एवं विशेषज्ञ समिति के गठन हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाय।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

कुलसचिव